(iii) वह स्थान जहाँ लाल किला है। ½+½

(iv) वह स्थान जहाँ जवाहरलाल नेहरू पैदा हुए थे। ½+½

(v) वह स्थान जहाँ गेट वे ऑफ इण्डिया है। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र–कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए

14. (i) सूर्य मन्दिर कहाँ है? 1

(ii) ताजमहल किस राज्य में है? 1

(iii) लाल किला किस नगर में है? 1

(iv) गेट वे ऑफ इण्डिया किस राज्य में स्थित है? 1

(v) जवाहरलाल नेहरू का जन्म कहाँ हुआ था? 1

## खण्ड 'ख'

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से किस राज्य में टाटा लौह–इस्पात कारखाना स्थापित है? 1

(क) छत्तीसगढ़ (ख) बिहार

(ग) झारखण्ड (घ) मध्य प्रदेश



## (मानचित्र कार्य)

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) इलायची पर्वत ⋀⋀⋀ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(ii) पेरीयार नदी >⁓ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iii) जलयान बनाने का एक केन्द्र ⎍ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iv) भोपाल ● चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(v) ऊनी वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र (·) चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) उत्तरी भारत की किन्हीं दो नदियों के नाम लिखिए। ½+½

(ii) रेशम उद्योग के दो केन्द्रों के नाम लिखिए। ½+½

(iii) पश्चिम बंगाल के एक पर्यटन केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(iv) भारत के जल विद्युत उत्पादन के एक केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(v) छत्तीसगढ़ की राजधानी का नाम लिखिए। 1

932

# 825(BW)

## 2019

## सामाजिक विज्ञान

(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

*नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

*निर्देश :*

1. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।*
2. *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*
3. *प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं।*
4. *'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।*

[P.T.O.

5. राष्ट्रपति संसद का भी अंग माना जाता है क्योंकि वह : 1
   (क) भारत का संवैधानिक प्रधान है
   (ख) संसद द्वारा पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर करता है
   (ग) संसद के कुछ सदस्यों को मनोनीत करता है
   (घ) उसके निर्वाचन में संसद सदस्य भाग लेते हैं

6. राज्य की कार्यपालिका का संवैधानिक प्रधान है : 1
   (क) राष्ट्रपति (ख) उपराष्ट्रपति
   (ग) राज्यपाल (घ) मुख्यमंत्री

### (अति लघुउत्तरीय प्रश्न)

7. भारत-पाकिस्तान के मध्य विवाद का मुख्य कारण क्या है? संक्षेप में लिखिए। 2

8. विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना कब हुई थी? इसका मुख्यालय कहाँ है?

9. पुनर्जागरण का साहित्य एवं कला पर होने वाले प्रभाव का उल्लेख कीजिए। 1+1

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. प्रथम विश्व युद्ध के दो कारण बताइए। इसका क्या आर्थिक प्रभाव पड़ा? 1+1+1

    **अथवा**

    राष्ट्र संघ की स्थापना कब की गई? इसका मुख्य उद्देश्य क्या था? 1+2

11. भारतीय विदेश नीति के प्रमुख सिद्धान्तों में किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं तीन अभिकरणों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

12. लोकसभा एवं राज्यसभा के पारस्परिक सम्बन्धों की विवेचना कीजिए। 6

**अथवा**

आपके प्रदेश का मुख्यमंत्री कौन है? मुख्यमंत्री की नियुक्ति कैसे की जाती है? राज्य के प्रशासन में उसका क्या महत्त्व है? 1+2+3

13. भारत में राष्ट्रीय नवजागरण के उदय के कारणों की व्याख्या कीजिए। 6

**अथवा**

भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस तथा आजाद हिन्द फौज की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 4+2

**(मानचित्र कार्य)**

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिए ½+½ अंक निर्धारित हैं।

14. (i) वह स्थान जहाँ सूर्य मन्दिर है। ½+½

(ii) वह स्थान जहाँ ताजमहल है। ½+½



**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

24. रिहन्द बांध की स्थिति एवं कोई दो महत्व लिखिए। 1+2

**अथवा**

भारत के उत्तरी मैदानी भाग के किन्हीं तीन महत्व का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

25. भारत के आर्थिक विकास में सड़क परिवहन के किन्हीं तीन योगदानों को स्पष्ट कीजिए। 1+1+1

**अथवा**

आपदा प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं? भारत में सूखा प्रभावित क्षेत्रों की किन्हीं दो समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 1+2

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

26. भारत के वनों का वर्गीकरण कीजिए तथा उनमें से किन्हीं दो के आर्थिक महत्व की विवेचना कीजिए। 2+2+2

**अथवा**

भारत में खनिज तेल उत्पादक क्षेत्रों एवं किन्हीं तीन तेल शोधक केन्द्रों का वर्णन कीजिए। 3+3

27. वितरण का अर्थ समझाइए तथा इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 2+4

**अथवा**

प्रत्यक्ष कर को प्रभाषित कीजिए तथा इसके गुण एवं दोषों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2+2+2

16. निम्नलिखित में से कौन मिट्टी कपास उत्पादन के उपयोगी है ? 1

(क) लाल मिट्टी (ख) काली मिट्टी

(ग) लैट्राइट मिट्टी (घ) जलोढ़ मिट्टी

17. दामोदर घाटी परियोजना सम्बन्धित है : 1

(क) हिमांचल प्रदेश से (ख) आन्ध्र प्रदेश से

(ग) पश्चिम बंगाल से (घ) केरल से

18. रानीगंज कोयला क्षेत्र स्थित है : 1

(क) मध्य प्रदेश में (ख) असम में

(ग) छत्तीसगढ़ में (घ) पश्चिम बंगाल में

19. विनिमय सम्बन्धित है : 1

(क) वस्तुओं के उत्पादन से

(ख) सिक्कों के मध्य लेन-देन से

(ग) वस्तुओं के आपसी लेन-देन से

(घ) मज़दूरी निर्धारण से।

20. उत्पादन में जोखिम सहन करने वाले व्यक्ति हैं : 1

(क) संगठनकर्ता (ख) भूमिपति

(ग) श्रमिक (घ) साहसी

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. तांबा के कोई दो उपयोग लिखिये। 1+1

22. 'अहमदाबाद' किस राज्य में स्थित है और मुख्य रूप से किस उद्योग से सम्बन्धित है ? 1+1

23. राज्यों के आय के दो स्रोत लिखिए। 1+1



5. *दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड 'ग' में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।*

## खण्ड 'क'

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. निम्नलिखित में कौन सा इंग्लैण्ड में औद्योगिक क्रान्ति होने का कारण नहीं है : 1

(क) प्राकृतिक साधनों की उपलब्धता

(ख) सस्ते मजदूरों की उपलब्धता

(ग) कृषि का वैज्ञानिक सुधार

(घ) जनसंख्या वृद्धि में गिरावट

2. निम्नलिखित में से कौन सा देश प्रथम विश्व युद्ध में केन्द्रीय शक्तियों से सम्बन्धित था ? 1

(क) आस्ट्रिया (ख) इंग्लैण्ड

(ग) फ्रांस (घ) जापान

3. रूसो द्वारा लिखित पुस्तक का नाम है : 1

(क) द प्रिंस (ख) द स्पिरिट ऑफ लॉज

(ग) सोशल कॉन्ट्रेक्ट (घ) दास कैपिटल

4. 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नेता कौन था ? 1

(क) रानी लक्ष्मी बाई (ख) नाना साहब

(ग) बहादुर शाह जफर (घ) बेगम हजरत महल